**उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।
(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

**पत्रांक:– 242/गोपन/2025–26** **दिनांक: 18 अगस्त, 2025**

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–68/उ0अ0से0च0आ0/2025 दिनांक 31 जनवरी, 2025 में विज्ञापित **उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अंतर्गत प्रयोगशाला सहायक (रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, उद्यान विज्ञान)/ मशरूम पर्यवेक्षक वर्ग–03 पशुपालन विभाग के अंतर्गत प्रयोगशाला सहायक** के रिक्त पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया। आयोग की परीक्षा कार्यक्रम 166/गोपन(परीक्षा)/2025–26 दिनांक 24 जुलाई, 2025 के अनुसार उक्त परीक्षा दिनांक 24 अगस्त, 2025 को प्रस्तावित थी।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा विज्ञापित **उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अंतर्गत प्रयोगशाला सहायक (रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, उद्यान विज्ञान)/ मशरूम पर्यवेक्षक वर्ग–03 पशुपालन विभाग के अंतर्गत प्रयोगशाला सहायक के** रिक्त पदों हेतु लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक **24 अगस्त, 2025(रविवार)** एकल पाली में **प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00** बजे तक निर्धारित की गयी है।

उक्त परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 18 अगस्त, 2025 से आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित किये जा रहे हैं। समस्त अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेगें। अभ्यर्थियों को किसी अन्य माध्यम (जैसे–डाक इत्यादि) से प्रवेश–पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

समस्त अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा डाउनलोड किये गये प्रवेश–पत्र पर बार–कोड भी अंकित हो। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश–पत्र एवं फोटो युक्त पहचान पत्र अपने साथ लाना अनिवार्य है।

18.8.25

(डॉ0 शिव कुमार बरनवाल)
सचिव।